भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न संख्या : **1083**

दिनांक 13 फरवरी , 2019 / 24 माघ, 1940 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

तूतीकोरिन हवाई अड्डे का आधुनिकीकरण

1083. डॉ. शशिकला पुष्पा रामास्वामी:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने तमिलनाडु राज्य सरकार से 600.97 एकड़ जमीन प्राप्त करने के पश्चात् तूतीकोरिन हवाई अड्डे के आधुनिकीकरण का कार्य शुरू किया है/हाथ में लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने तूतीकोरिन हवाई अड्डे के उन्नयन/आधुनिकीकरण को पूरा करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जयंत सिन्हा)

(क) से (ड.): जी हां। भारतीय विमाननपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने तूतूकुड़ी हवाईअड्डे पर ब्लास्ट पैड, रनवे एंड सेफ्टी एरिया (आरईएसए) सहित रनवे के विस्तार, टैक्सीवे, एप्रन, आईसोलेशन बे और नए घरेलू टर्मिनल भवन के लिए कार्य के क्षेत्र (स्कोप ऑफ वर्क) को अंतिम रूप दिया है, जिसकी पूर्णता की संभावित तिथि (पीडीसी) अगस्त, 2021 में है।

*****